कार्यालय लोक सूचना अपीलीय अधिकारी एवं जिला कलक्टर हनुमानगढ

प्रकरण संख्या 07/2018 सूचना के अधिकार के अन्तर्गत

श्री रामस्वरूप पुत्र श्री मोमनराम जाति जाट निवासी वार्ड नं0 6 तहसील भादरा जिला हनुमानगढ।

---अपीलार्थी

बनाम

उपखण्ड अधिकारी भादरा

---प्रत्यार्थी

आदेश दिनांकः—06.03.2018

यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी भादरा के विरूद्ध प्राप्त हुई।

अपीलार्थी उपस्थित नही। अपील में अंकित तथ्यो के अनुसार अपीलार्थी द्वारा उपखण्ड अधिकारी भादरा से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत सूचना चाही गई। उपखण्ड अधिकारी भादरा द्वारा सूचना उपलब्ध नही करवाये जाने पर अपीलार्थी सूचना उपलब्ध करवाने हेतु यह अपील की गई हैं।

पत्रावली का अवलोकन किया। उपखण्ड अधिकारी भादरा से अपील में कोई जवाब प्राप्त नही हुआ है। अतः अपीलार्थी की अपील स्वीकार की जाती है। उपखण्ड अधिकारी भादरा को निर्देश दिये जाते है कि वे अपीलार्थी के प्रार्थना पत्र 27.11.2017 के अनुसार सूचना का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उसके द्वारा चाही गई सूचना अपीलार्थी को नियमानुसार उपलब्ध करवाई जावे। आदेश की प्रति दोनो पक्षो को भेजी जावे। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफतर की जावे।

लोक सूचना अपीलीय अधिकारी
एवं जिला कलक्टर
हनुमानगढ